प्रभात खबर

नकली प्रतिबंधित कफ सिरप बनाने का भंडाफोड़, एक महिला गिरफ्तार

पलासी . पलासी पुलिस ने सोमवार को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना पर पीपरा बिजवाड़ गांव के मो सुभान के घर छापामारी कर 130 बोतल खाली कफ सिरप व 150 पीस ढक्कन सहित कफ सिरप बनाने वाली सामग्री जब्त की. साथ ही पुलिस ने एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि कफ सिरप बनाने वाले सामग्री के साथ गिरफ्तार महिला खुशबू खातून व फरार उनके पति मो सुभान के विरुद्ध पलासी थाना में प्राथमिकी दर्ज की है. दर्ज प्राथमिकी में थानाध्यक्ष ने कहा है कि सोमवार की संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि पीपरा बिजवाड़ गांव के सुभान अली अपने घर में कफ सिरप बनाता व बेचता है. सूचना सत्यापन के लिये पुलिस पदाधिकारी पुअनि नागेंद्र कुमार व पुलिस बल के साथ सुभान अली के घर पर छापामारी करने पहुंचे तो देखा कि एक महिला जो कफ सिरप के बोतल में गैलन से तरल पदार्थ निकाल कर भर रहीं थी. वह पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किया. जिसको महिला सिपाही के सहयोग से कब्जे में ले लिया गया. नाम-पता पूछने पर अपनी नाम खुशबू खातून पति सुभान अली गांव पीपरा बिजवाड़ बतायी. वहीं उनके घर की तलाशी लेने पर पीला रंग का तीन गैलन में तरल पदार्थ जो कफ सिरप बनाने में उपयोग किया जाता है. कुल 12 लीटर सामग्री जब्त कर लिया गया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी से आवश्यक पूछताछ की जा रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/araria/a-woman-arrest-withcaugh-syrup